**DAV PUBLIC SCHOOLS , ODISHA ZONE**

**QUESTION BANK**

**SUB: HINDI, CLASS-VII (2023-24)**

**EXAM SCHEDULE 2023-24**

| NAME OF THE EXAM | DATE | FULL MARKS |
|---|---|---|
| PERIODIC ASSESSMENT-1 | 24.JULY 2023 TO 31 JULY 2023 | 40 |

**SYLLABUS**

**TYPOLOGY OF QUESTIONS**

| | **40+4** |
|---|---|
| अपठित गद्यांश-5<br>अनुच्छेद लेखन-5 | 1×5=5<br>1×5=5 |
| व्याकरण (अभ्यास सागर से)-10<br>(क) पर्यायवाची<br>(ख) वाक्यांशों के लिए एक शब्द<br>(ग) वचन<br>(घ) भाववाचक संज्ञा<br>(ङ) मुहावरे | 1×2=2<br>1×2=2<br>1×2=2<br>1×2=2<br>1×2=2 |
| पाठ में से-20<br>बारहमासा<br>नाटक में नाटक<br>निर्मला साँप और सयाल<br>एक वाक्य वाले उत्तर<br>संक्षिप्त उत्तर वाले प्रश्न<br>विस्तृत उत्तर वाले प्रश्न | 1×6=6<br>2×5=10<br>4×1=4 |
| **READING BONUS SECTION** | **1×4=4** |

## CHAPTER- 1(बारहमासा)

**[खंड–'क'अपठित गद्यांश]**

**1.दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[1x5 =5]**

वातावरण एवं वायु-मंडल का दूषित होना प्रदूषण कहलाता है। प्रदूषण की समस्या संपूर्ण विश्व में बड़ी ही तीव्रता से अपना प्रभाव जमाती जा रही है। आज समस्त मानव जाति इस समस्या से आतंकित है , और विश्व का प्रत्येक देश अपने-अपने ढंग से इस समस्या के समाधान में सलंग्न है। प्रदूषण एक ऐसी विकट समस्या है,

जिसका समुचित समाधान नहीं हो पा रहा है। वैज्ञानिकों का मत है कि समय रहते यदि तत्काल फैल रहे इस प्रदूषण को सही ढंग से नियंत्रित नहीं किया गया तो आगामी दशकों में संपूर्ण धरती किसी भी जीवधारी के रहने योग्य नहीं रहेगी। प्रदूषण का प्रभाव वनस्पतियों पर भी होगा और यह हरी-भरी धरती विकृत वनस्पतियों के कारण अपनी संपूर्ण सुन्दरता एवं उपादेयता खो देगी। आज विश्व की 99 प्रतिशत आबादी प्रदूषण की समस्या से ग्रसित है ।

क- आज संपूर्ण मानव जाति किस समस्या से आतंकित है ?

ख- विश्व की कितनी प्रतिशत आबादी प्रदूषण की समस्या से ग्रसित है ?

ग- हरी-भरी धरती अपनी क्या खो देगी ?

घ- आज विश्व का प्रत्येक देश किसकी समस्या के समाधान में संलग्न है ?

ङ- इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ?

**[खंड-ख- 'व्याकरण'-अति लघुत्तरीय प्रश्न -1x10=10 अंक]**

1. जब दो या दो से अधिक व्यंजनों का आपस में संयोग होता है तो उसे कौन सा व्यंजन कहते हैं ?
2. 'उज्ज्वल' शब्द में कितने व्यंजन का संयोग है ?
3. नीचे दिए गए शब्द को पुराने रूप में बदलकर लिखिए ?

   विद्याल' 'शुद्ध
4. 'क' वर्ग का चौथा वर्ण और 'प' वर्ग का तीसरा वर्ण लिखिए ?
5. अल्पप्राण व्यंजन किसे कहते हैं ?
6. महाप्राण व्यंजन किसे कहते हैं ?
7. 'फुलझड़ी' शब्द का बहुवचन बनाइए ।
8. हरीयाली , मोसम शब्द को शुद्ध रूप में लिखिए ।
9. दिए गए संयुक्त व्यंजन में से अल्पप्राण और महाप्राण व्यंजन अलग करके लिखिए ?

   मक्खन
10. द्वित्व व्यंजन के संयोग से बनने वाला दो शब्द लिखिए ?

**[खंड-ग- अति लघुत्तरीय प्रश्न-1x10=10 अंक]**

1. भारतीय हिन्दी का पहला महीना का क्या नाम है ?लिखिए ।
2. भारतीय हिंदी के किस महीने में चाँद ,सूरज और तारें बहुत कम दिखाई पड़ते हैं ?
3. गर्म हवा किस महीने में चलने लगती है ?
4. अगहन महीने में पानी कैसा हो जाता है ?
5. रंगों के कारण जीवन कैसा लगता है ?
6. भारतीय हिंदी के किस महीने में होली आती है ?
7. कार्तिक महीने में क्या आता है ?
8. सावन में नदी ,सरोवर का क्या हाल होता है ?
9. बच्चे तरह-तरह के खेल किस महीने में खेलते हैं ?
10. भारतीय हिन्दी का अंतिम महीने का नाम लिखिए ?

**[लघुत्तरीय प्रश्न 2x5=10 अंक]**

1. अगहन का महीना नाच क्यों नचा देता है ?
2.आषाढ़ महीने की क्या विशेषता होती है ?
3.क्वार महीने की क्या विशेषता होती है ?
4.फागुन महीने की क्या विशेषता होती है ?
5.भारतीय महीनों का नाम क्रम से लिखिए ?

**[लघुत्तरीय प्रश्न 3x3=9 अंक]**

1.वर्षा ऋतु में चारों तरफ़ प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन होता है ?
2.महीनों के बदलते क्रम से यह एहसास होता है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, कैसे ?
3.महीनों की पहचान की तरह अपनी पहचान बनाने के लिए क्या करना चाहिए ?

**[दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 4x2=8 अंक]**

1.भारत को ऋतुओं का देश क्यों कहते हैं?अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।
2.'बारहमासा' पाठ के आधार पर कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

**[खंड –घ रचनात्मक लेखन 5x1=5 अंक]**

1.आपको सबसे अच्छा कौन सा मौसम लगता है ?और आप उस मौसम में क्या करना पसंद करते हैं ? इसके बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

## CHAPTER- 2 (नाटक में नाटक)

**[खंड-'क']**

**अपठित गद्यांश - 5 अंक**

**1. निम्नांकित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें –** **[1x5]**

संस्कृति का सामान्य अर्थ है , मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार , रहन-सहन तथा क्रिया-कलाप आदि । वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लंबी परम्परा के बाद होता है | संस्कृति विचार व आचरण के वे नियम और मूल्य हैं जिन्हें कोई अपने अतीत से प्राप्त करता है | इसलिए कहा जाता है कि इसे हम अतीत से अपनी विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं | दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है | यह एक सामाजिक विरासत है जो परंपरा से चली आ रही होती है | प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इनमें भेद हैं | सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान है , अर्थात् सभ्यता का अनुमान भौतिक सुख सुविधाओं से लगाया जा सकता है | इसके लिए विपरीत संस्कृति को आत्मा माना जा सकता है| इसलिए इन दोनों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता | वास्तव में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं | इनका विकास भी साथ-साथ होता है | अंतर केवल इतना है कि सभ्यता समय के बाद बदलती रहती है , किंतु संस्कृति शाश्वत रहती है ।

(क) संस्कृति का क्या अर्थ है? [1]
(ख) संस्कृति को विरासत का स्वरूप क्यों कहा जाता है? [1]
(ग) सभ्यता और संस्कृति में क्या भेद है? [1]

(घ) सभ्यता और संस्कृति का क्या अर्थ है? [1]

(ङ) गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए | [1]

**[खंड-'ख']**

**अति लघुत्तरीय प्रश्न [व्याकरण] – 1x10=10 अंक**

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए ।**

(क) यदि किसी पंचम वर्ण के बाद उसी के वर्ग का कोई ______ आए तो उस वर्ण के स्थान पर ________ चिह्न का प्रयोग किया जाता है |

(ख) यदि एक ही पंचम वर्ण एक साथ दो बार आए तो पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार चिह्न का प्रयोग ________ किया जाएगा |

(ग) यदि किसी वर्ण को बोलते समय हवा मुँह एवं ___________ से एक साथ बाहर निकले तो उस वर्ण के ऊपर ___________ चिह्न का प्रयोग किया जाएगा |

(घ) निम्नांकित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न लगाइए –

(i) स्वय (ii) आनद

(ङ) निम्नांकित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न लगाइए –

(i) पहुचते (ii) हसी

(च) निम्नांकित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिह्न लगाइए–

(i) सभव (ii) फादना

(छ) निम्नांकित शब्दों में पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार चिह्न का प्रयोग करें –

(i) पञ्चम (ii) सम्बन्ध

(ज) निम्नांकित वाक्यों में उचित स्थान पर 'है' अथवा 'हैं' का प्रयोग करें –

(i) मोहन की माताजी आई ___________ |

(ii) शीला कक्षा में हमेशा प्रथम आती _____ |

(झ) निम्नांकित शब्दों में अनुस्वार अथवा अनुनासिक के प्रयोग से शब्दों के अर्थ में आए अंतर को वाक्य–प्रयोग द्वारा स्पष्ट करें – (i) बाधा (ii) बाँधा

(ञ) दिए गए मुहावरों में से किसी एक का वाक्य में प्रयोग करें –

(i) अक्ल का दुश्मन (ii) नाक में दम करना

**[खंड-'ग']**

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न ['ज्ञान सागर' से – 1x10=10 अंक]**

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

(क) राकेश को मोहन, सोहन और श्याम की किस बात से डर था?

(ख) नाटक की तैयारी के लिए कितना समय मिला था?

(ग) नाटक में मोहन का क्या किरदार था?

(घ) राकेश पर्दे के पीछे से कलाकारों की मदद के लिए क्या कर रहा था?

(ङ) श्याम के चुप होने का क्या परिणाम हुआ?

(च) श्याम को गुस्सा क्यों आ रहा था?

(छ) तीनों कलाकारों की तू-तू, मैं-मैं का दर्शकों पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ज) राकेश के मंच पर पहुँचते ही क्या हुआ?

(झ) राकेश के अनुसार 'बड़ा कलाकार' कौन है?

(ञ) पर्दे के पीछे राकेश के साथी किस चीज़ की प्रशंसा कर रहे थे?

**लघुत्तरीय प्रश्न ['ज्ञान सागर' से – 2x5=10 अंक]**

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

(क) राकेश ने नाटक में स्वयं अभिनय क्यों नहीं किया?

(ख) राकेश के साथी अभिनय के मामले में कैसे थे?

(ग) 'बड़ा कलाकार' कौन होता है?

(घ) राकेश को अपने साथियों के किस बुद्धूपन से डर था?

(ङ) अगर श्याम अपना संवाद नहीं भूलता तो कहानी कैसे आगे बढ़ती? बताइए ।

**लघुत्तरीय प्रश्न ['ज्ञान सागर' से – 3x3=9 अंक]**

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

(क) राकेश की जगह यदि आप होते तो नाटक कैसे सँभालते?

(ख) राकेश ने प्रदर्शन के दिन सभी को खास-खास हिदायतें फिर से क्यों दीं?

(ग) राकेश अपने साथियों की मूर्खता के कारण घबरा रहा था। उसे गुस्सा भी आ रहा था और रोना भी। गुस्से या क्रोध को शांत करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

**दीर्घोत्तरीय प्रश्न ['ज्ञान सागर' से – 4x2=8 अंक]**

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

(क) राकेश ने नाटक को किस प्रकार सँभाला?

(ख) 'नाटक में नाटक' कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

**[खंड-'घ']**

**रचनात्मक लेखन ['ज्ञान सागर' से – 5x1=5 अंक]**

**7. क्या आपने कभी नाटक में हिस्सा लिया है? नाटक के मंचन से जुड़ी कोई रोचक घटना बताइए।**

## CHAPTER- 3 (निर्मला, साँप और सयाल)

## खंड-क (अपठित गद्यांश)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से सही विकल्प छाँटकर लिखिए -(1x5)**

आधुनिक युग में धन को अधिक महत्त्व दिया जाने लगा है। व्यक्ति उचित-अनुचित की चिंता न करके धन कमाने की दौड़ में लिप्त हो गया है। धन जीवन के लिए आवश्यक होता है। खान- पान, रहन-सहन, वस्त्र-मकान, आदि के लिए धन की आवश्यकता होती है। इनके लिए धन को उतना ही महत्त्व देना चाहिए जितना आवश्यक है।यह जीवन केवल धन कमाने और उसका संग्रह करने के लिए नहीं बना है। जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होता है, सम्मानपूर्वक जीना। छल-कपट, झूठ, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और बेईमानी से धन का अंबार लगाने वालों का सम्मान नहीं होता। ऐसे व्यक्ति मान-सम्मान की चिंता नहीं करते। उनकी आँखों पर धन की पट्टी बँधी रहती है। ईमानदारी से कार्य करके जीवनयापन करने वाले का सभी सम्मान करते हैं। बेईमानी से कमाया गया धन बुरा परिणाम देता है। ईमानदार व्यक्ति समाज के गौरव होते हैं। ईमानदार व्यक्ति का यश सूर्य के समान

चमकता है। धन के प्रति मोह त्यागकर, लालच में न फँसकर ही सम्मानपूर्वक जिया जा सकता है। ऐसा जीवन जीने वाले ही सच्चा जीवन जीते हैं।

**(क) आधुनिक युग में किसे अधिक महत्त्व दिया जाने लगा है ?**

(i) धन को (ii) विद्या को

(iii) बल को (iv) ईमानदारी को

**(ख) धन की आवश्यकता किस लिए होती है?**

(i) खान-पान के लिए (ii) वस्त्र-मकान के लिए

(iii) रहन-सहन के लिए (iv) तीनों विकल्प सही हैं

**(ग) जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है ?**

(i) सम्मानपूर्वक जीना (ii) धनी बनकर जीना

(iii) बेईमानी से जीना (iv) निश्चित होकर जीना

**(घ) कैसे लोग मान-सम्मान की चिंता नहीं करते ?**

(i) धनी लोग (ii) ईमानदार लोग

(iii) बेईमानी से धन का अंबार लगाने वाले लोग (iv) सच्चा जीवन जीने वाले लोग

**(ङ) क्या त्यागकर सम्मानपूर्वक जिया जा सकता है ?**

(i) भ्रष्टाचार (ii) ईमानदारी

(iii) धन के प्रति मोह (iv) इनमें से कोई नहीं

## खंड-ख (व्याकरण)

**2.निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1x10)**

क) संज्ञा की परिभाषा लिखिए |

ख) यहाँ से जंगल बहुत दूर है | (वाक्य में से जातिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए)

ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा का एक उदाहरण लिखें |

घ) दयालु (दिए गए शब्द का भाववाचक संज्ञा लिखिए)

ङ) वीरता (दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए)

च) आकर्षक (शब्द का अर्थ लिखें)

छ) दैत्य (पर्यायवाची शब्द लिखिए)

ज) जिसमें धैर्य हो ( वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए)

झ) मुक्ता ने कक्षा में प्रथम आने के लिए _______ | (उचित मुहावरे से वाक्य पूरा करें)

ञ) पंजाब और केरल किस संज्ञा के अंतर्गत आएँगे |

## (खंड-ग -पाठ्यपुस्तक)

**3. दिए गए प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में लिखिए |** **(1x10)**

क) निर्मला और सयाल किस गाँव में रहते थे ?

ख) निर्मला को मवेशियों को चराने ले जाने के लिए किसने कहा ?

ग) सयाल कैसे कपड़े पहनती थी ?

घ) अजगर की लंबाई कितनी थी ?

ङ) सयाल किस बात में निर्मला से आगे थी ?

च) कौन-सी आवाज़ सुनकर सयाल ने इधर-उधर देखा ?

छ) क्या सुनकर निर्मला के प्राण सूख गए ?

ज) साँप की सख़्त पकड़ से निर्मला को क्या लगा ?

झ) सयाल ने किसके सहारे साँप पर वार किया ?

ञ) निर्मला एक क्षण के लिए क्या सोचने लगी ?

**4. दिए गए प्रश्नों का उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए ।** **(2x5)**

क) सयाल के माता-पिता का नाम क्या था ?

ख) निर्मला सयाल की तुलना में कैसी थी ?

ग) निर्मला को बचाने के लिए सयाल ने क्या किया ?

घ) निर्मला को अपनी गलती का एहसास कब हुआ ?

ङ) 'निर्मला, साँप और सयाल' पाठ से हमे क्या सीख मिलती है ?

**5. दिए गए प्रश्नों का उत्तर 40 से 50 शब्दों में लिखिए ।** **(3x3)**

क) सयाल बार-बार निर्मला को भागने के लिए क्यों कह रही थी?

ख) यदि सयाल, निर्मला को उस दिन साँप की चंगुल से मुक्त न करती तो क्या होता ?

ग) गाँव वालों का सयाल को पसंद करने के पीछे क्या कारण था ?

**6. दिए गए प्रश्नों का उत्तर विस्तार से लिखिए ।** **(4x2)**

क) सच्चे मित्र में कौन-कौन से गुण होने चाहिए ? अपने विचार लिखिए ।

ख) यदि आपका कोई साथी कभी किसी संकट में फँस जाए, तो आप उसकी सहायता कैसे करेंगे ? बताइए ।

**(खंड-घ – लेखन)**

**7. 'सच्चा मित्र' विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।** **(5)**